लिए क्या विदेश मंत्री जी इस सदन को आश्वासन देंगे कि आज के बाद वे अपने आप को सेक्योर, सुरक्षित महसूस करेंगे और यह भी बताने की कृपा करेंगे कि देश के अन्दर और देश के बाहर जो ये अप्रिय घटनाएं एक साथ हो रही हैं, इन में आपस में कोई तारतम्य या सम्बन्ध है ? इस के बारे में भी मंत्री महोदय सदन को बताएं ।

श्री समरेन्द्र कुन्डू : मैं हिन्दी में बोलूंगा। मैं बहुत खुश हूं कि पासवान साहब ने एक बहुत महत्वपूर्ण बात यहां पर रखी । पासवान साहब ने यह विचार भी रखा है कि बाहर जो घटनाएं होती हैं और उस के साथ ही यहां देश में जो हिन्सा वादित घटनाएं होती हैं, उन का एक दूसरे के साथ सम्बन्ध है और इस सम्बन्ध में उन्होंने कुछ दलीलें भी दीं ।

He referred to some incidents.

इस बारे में तो मैं यही कहूंगा कि अभी यहां कोई विचार देना ठीक नहीं होगा ।

एक सवाल उन्होंने यह भी पूछा कि हमारे आफिसर्स के अन्दर जो इन्सेक्यूरिटी की भावना हो रही है, उन में इनसेक्यूरिटी की भावना न रहे, इस को ऐश्योर करने के लिए हम क्या कदम उठाते हैं । मैं तो बधाई देता हूं उन अफसर लोगों को जिन्होंने मुश्किल वातावरण में और बहुत निष्ठा के साथ, देश-भक्ति के साथ काम किया है और करते हैं और हम उन की सेक्यूरिटी के लिए हर कदम उठाते हैं और उन को आश्वासन दिया है कि केवल सरकार ही नहीं बल्कि सारा देश, पार्लियामेंट उन के पीछे हैं । उन के लिए हम ने सेक्यूरिटी गार्ड रखे हैं और कुछ ज्यादा पैसे भी मंजूर किये हैं उन के लिए कुछ इक्विपमेंट्स के लिए और दीवार आदि बढ़ाने के लिए । उन के लिए हम ने इस तरह की व्यवस्था की है और हम ने यह भी किया है कि जो इन्वेस्टीगेटिंग एजेन्सीज वहां पर हैं, उन के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रखें और इस सम्पर्क रखने का लाभ भी हुआ है और कुछ आदमी भी पकड़े गये हैं ।

मैं मान्यवर यह सूचना देना चाहता हूं कि हम जो संभव है वह करेंगे । मैं आफिसर्स को भी विश्वास देना चाहता हूं कि वह हिम्मत से काम करें और आगे बढ़ें ।

दूसरी बात जो कही गयी है कि इसका होम मिनिस्ट्री से कोई सम्बन्ध है या नहीं । मुझे ऐसा लगता है कि होम मिनिस्ट्री भी इस पर जरूर विचार करती होगी । हम होम मिनिस्टर से मिल कर भी इस पर चर्चा करेंगे और आज की जो हाउस की प्रोसीडिंग्स है, वह मैं गृह विभाग को भी भेज दूंगा ।

---

13.16 hrs.

## PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

### SEVENTH-FOURTH AND SEVENTY-SIXTH REPORTS

SHRI C. M. STEPHEN (Idukki): I beg to present the following Reports of the Public Accounts Committee: —

(1) Seventy-fourth Report on paragraph 15 of the Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year 1975-76, Union Government (Railways) relating to Track Fittings.

(2) Seventy-sixth Report on paragraphs 9, 10 (i) and 17 of the Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year 1975-76, Union Government (Civil), Revenue Receipts, Volume I, Indirect Taxes relating to Customs Receipts.

---

## ESTIMATES COMMITTEE

### EIGHTEENTH REPORT AND MINUTES

SHRI SATYENDRA NARAYAN SINHA (Aurangabad): I beg to present the following Report and Minutes of the Estimates Committee: